चल भगता चल माँ के द्वारे

चल भगता नवरातो में चल माँ के द्वारे
दर्शन करके हो जायेगे वारे न्यारे
चल भगता नवरातो में चल माँ के द्वारे

चोबीस घंटे उस के दर पे मेला मौज बहारो का
आना जाना लगा रहे मैया के भगत प्यारो का
चल करले अब तयारी तू मत चूकना,
अब की बारी तू तर जाते वाहा जाके सब किस्मत के मारे
चल भगता नवरातो में माँ के द्वारे

दर पे आये भगतो की झट अर्जी माँ मंजुर करे,
देख सके न दुःख भगतो का कष्टतो को वो दूर करे
कोई खाली कभी न लौटा है वाहा काम सभी का होता है
मेरी शेरावाली मैया सब के भाग सवारे
चल भगता नवरातो में माँ के द्वारे

परवाना पे किरपा करती तुम पे हो जायेगी
सचे मन से पूज मैया को तेरी बिगडी बात बनाएगी
वो जो मेरी माँ का मंदिर है जन्नत से भी सुंदर है
हर लेंगी अवतार तेरे वो दुखड़े सारे
चल भगता नवरातो में माँ के द्वारे

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18715/title/chal-bhagata-chal-maan-ke-dvaare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |